**C-7.1.9 (Evidences)**

16.6.23 सवेरा न्यूज

# जल संरक्षण एवं संग्रहण पर रैली आयोजित



घुमारवीं थाना में एसपी डा.गोकुल चंद्रन के साथ एनसीसी कैडेट्स।

सवेरा न्यूज/प्रदीप कुमार **घुमारवीं,** : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के एनसीसी कैडेट्स ने फुट पोलिसिंग रैली के अन्तर्गत जून महीने की गतिविधि आयोजित की। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा.जय महलवाल ने बताया कि एनसीसी बटालियन सोलन के दिशा निर्देशानुसार यह रैली आयोजित की गई इस रैली में एनसीसी के 25 कैडेट्स ने भाग लिया। डेट्स ने विभिन्न प्रकार के नारे जैसे,आज बचाएंगे जल्द तभी होगा सुनहरा कल, जल है तो कल है। कैडेट शिवम एवं कनिका ने कुछ लोगों से बात करके भी उन को जागरूक किया। एसपी जिला बिलासपुर डा. गोकुल चंद्रन ने घुमारवीं पुलिस थाना के समीप कैडेट्स ने इस विषय पर जानकारी साझा की तथा उन्होंने भी सब कैडेट्स को इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा इसके अतिरिक्त उन्होंने और एसएचओ घुमारवीं ने कैडेट्स से उनके करियर के बारे में भी कुछ टिप्स दिए। इसके बाद रैली मुख्य बस अड्डा कुमार में समाप्त हुई।इस रैली के दौरान कैडेट्स ने लगभग 300 लोगों को जल संरक्षण व जल संग्रहण के बारे में जागरूक किया।

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin Distt. Bilaspur

# घुमारवीं महाविद्यालय में किया पौधरोपण



घुमारवीं महाविद्यालय में पौधरोपण करते ब्यूटीफिकेशन कमेटी के सदस्य और अन्य। संवाद

घुमारवीं (बिलासपुर)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की कैंपस ब्यूटिफिकेशन कमेटी ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कमेटी के संयोजक डॉक्टर महेंद्र सिंह भाटिया ने बताया कि वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कॉलेज कैंपस ब्यूटीफिकेशन कमेटी की ओर से आंवला, हरड़ और अनार के पौधों का रोपण किया गया है। प्राचार्य प्रोफेसर रामकृष्ण ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने और उनका संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. अनिल जम्वाल और वनस्पति विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संवाद

# घुमारवीं कालेज में रैगिंग पर सेमिनार, बताए दुष्प्रभाव

घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं मे रैगिंग निषेध सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रैगिंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में रैगिंग निषेध सेमिनार तथा कार्यशाला के संयोजक डॉ. महेंद्र सिंह भाटिया ने अपने मुख्य वक्तव्य में रैगिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे रैगिंग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रैगिंग का बदलता स्वरूप, रैगिंग के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान, हेल्पलाइन नंबर, रैगिंग से कैसे बचा जाए पर विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि विद्यार्थियों को रैगिंग क्या है और क्या नहीं है इसमें अंतर करना आना चाहिए ताकि वे रैगिंग के शिकार न हो। कार्यशाला में कनिका, वैष्णवी, भावना, पलक, दीक्षा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए वह अन्य विद्यार्थीयों ने परिचर्चा में भाग लिया। सेमिनार के अंत में विद्यार्थियों को रैगिंग निषेध शपथ भी दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में रैकिंग निषेध सेमिनार आयोजन समिति के सदस्य प्रो. विवेक कुमार, डॉ. रीता कुमारी डॉ. हंसा देवी, डॉ. राकेश शर्मा विशेष रुप से उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल 20/8/23

# कमांडेंट ऑफिसर ने भरा देश सेवा जज्बा



घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एनसीसी की 4एचपी 1 कम्पनी हमीरपुर के कंपनी कमांडर कर्नल एसएस रावत ने परिसर में आकर विद्यार्थियों को एनसीसी के माध्यम से देश सेवा के लिए जोश तथा जज्बा भरा। उन्होंने केडेट्स को सोलन में 10 अध्कतूबर से 20 अक्तूबर तक प्री–आरडीसी चयन प्रक्रिया के लिए प्रेरित किया। कर्नल रावत ने बच्चों को भविष्य में एनसीसी से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर चयन प्रक्रियाए ड्रिल तथा साक्षात्कार के बारे में शिक्षित तथा जागरूक किया। इस प्रक्रिया में 50 विद्यार्थी शामिल हुए। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने कर्नल रावत तथा अनायुक्त अधिकारियों का स्वागत किया।

# सड़क सुरक्षा सैल ने विद्यार्थियों को बताई सड़क सुरक्षा

घुमारवीं, 22 सितम्बर (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सैल की ओर से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्यातिथि, ए.एस.आई. मदन लाल, एस.एच.ओ. घुमारवीं विपिन चौधरी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विपिन चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना न हो, इसके लिए जागरूकता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फोरलेन पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसके लिए फोरलेन पर चलने के तरीके के बारे में जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के जाल से बचने के लिए पुलिस के साथ-साथ समाज को मिलकर काम करना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार ने पी.पी.टी. प्रैजैंटेशन द्वारा यातायात नियमों के प्रतीकों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने एस.एच.ओ. घुमारवीं को धन्यवाद देते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों की जानकारी के साथ-साथ इनके पालन पर बल दिया।

इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें वैष्णवी ने प्रथम, पूनम ठाकुर ने द्वितीय तथा शिवांश भारद्वाज ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रो. पूजा और डा. प्रवीण ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डा. महेंद्र सिंह भाटिया, डा. राकेश, प्रो. ललित, प्रो. अनिल, प्रो. कविता व प्रो. पूजा उपस्थित थे।




*घुमारवीं : सड़क सुरक्षा सैल की ओर से घुमारवीं कालेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में करवाई गई वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी मुख्य वक्ता एस.एच.ओ. घुमारवीं विपिन चौधरी के साथ सामूहिक चित्र में।* (कुलवंत)